

Mukesh Madhwani
9829243207
Founder: Business Circle India

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे
Reg. No. MH180326353

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 186 ● मुंबई, बुधवार 05 मार्च-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## पर्यटन क्षेत्र में गंदगी का दाग

# सिटी पैलेस के पास सार्वजनिक शौचालय बदहाल, स्मार्ट समाधान की जरूरत

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** सिटी पैलेस के पास नाव घाट रोड पर स्थित सार्वजनिक शौचालय की बदहाल स्थिति से स्थानीय लोग और पर्यटक दोनों परेशान हैं। यह इलाका देसी व विदेशी पर्यटकों की भारी आवाजाही वाला है, लेकिन यहां स्वच्छता की बेहद दयनीय स्थिति बनी हुई है। दुर्गंध, गंदगी और रखरखाव की कमी से यह स्थान उपयोग करने योग्य नहीं रह गया है, जिससे उदयपुर की पर्यटन छवि प्रभावित हो रही है। स्थानीय नागरिकों और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार को इस समस्या पर तुरंत ध्यान देना चाहिए और पारंपरिक निर्माण के बजाय आधुनिक मोबाइल शौचालय की व्यवस्था करनी चाहिए।

### परंपरागत निर्माण असफल, आधुनिक मोबाइल शौचालय ही समाधान

होटल एसोसिएशन उदयपुर के उपाध्यक्ष और एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पर्यटन विशेषज्ञ यशवर्धन राणावत, ने कहा किङ्क शहर में सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति बेहद खराब है। बार-बार बनने और टूटने वाले घटिया निर्माण कार्य सरकारी धन की बर्बादी के सिवा कुछ नहीं है। सिटी पैलेस के पास जो हालात हैं, वे उदयपुर जैसे अंतराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के लिए बेहद शर्मनाक हैं। इसका स्थायी समाधान यह है कि पारंपरिक ईंट-सीमेंट के निर्माण के बजाय आधुनिक मोबाइल शौचालय लगाए जाएं, जिन्हें आवश्यकतानुसार आसानी से बदला और मेंटेन किया जा सके। उन्होंने सुझाव दिया कि इन स्मार्ट शौचालयों में स्वच्छता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए त्रश्चड्ढ4 (जीपै) या अन्य डिजिटल भुगतान प्रणाली को जोड़ा जाए, जिससे कैशलेस ट्रांजैक्शन हो और कोई भ्रष्टाचार न हो। इन पर रखरखाव के लिए नाममात्र उचित शुल्क देय हो। राणावत ने इसी बाबत ज़िला कलेक्टर, नगरनिगम प्रशासन और सरकार को पत्र भी लिखा है।



### सरकारी तंत्र की सुस्ती पर सवाल

एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के मीडिया सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन जैन पदमावत ने प्रशासनिक लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा– उदयपुर के पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं की कमी का मुद्दा लंबे समय से बना हुआ है। प्रशासन सिर्फ दिखावटी योजनाएं बनाकर कागजी घोड़े दौड़ाता है, लेकिन धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। सिटी पैलेस के पास हजारों पर्यटक रोज आते हैं, लेकिन वहां साफ-सुथरे शौचालय तक उपलब्ध नहीं हैं। अगर सरकार सच में पर्यटन को बढ़ावा देना चाहती है, तो उसे तुरंत प्रभाव से स्मार्ट और स्वच्छ टॉयलेट यूनिट्स लगाने की योजना बनानी चाहिए।

### व्यवस्था में पारदर्शिता और स्थायित्व की मांग

#### समाधान के लिए एकजुटता जरूरी

यह स्पष्ट है कि शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं की कमी अब चिंता का विषय बन चुकी है। स्मार्ट मोबाइल शौचालयों का सुझाव न केवल व्यवहारिक है, बल्कि इससे पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा और शहर की स्वच्छता भी बनी रहेगी। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और कब तक ठोस कदम उठाता है।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के संभागीय अध्यक्ष विकास गौड़, ने इस मुद्दे पर कहा कि किसी भी स्मार्ट सिटी की पहचान वहां की बुनियादी सुविधाओं से होती है। अगर सार्वजनिक शौचालय तक उपयोग करने योग्य नहीं हैं, तो सरकार की योजनाओं पर सवाल उठना स्वाभाविक है। यह मानवाधिकार का बहुत ज्वलंत मुद्दा है, शौच व्यक्ति की आम जरूरत है, यह साफ़ सुथरी सुविधा मुहैया कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उदयपुर गाइड यूनियन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह कांकरवा ने भी सहमति जताते हुए कहा– हम हमेशा पर्यटन विकास की बातें करते हैं, लेकिन मूलभूत जरूरतों को नजरअंदाज कर देते हैं। बिना साफ–सुथरे सार्वजनिक शौचालयों के पर्यटन उद्योग की बेहतरी संभव नहीं है। प्रशासन को बिना देर किए इस दिशा में कदम उठाने चाहिए और स्मार्ट टॉयलेट की व्यवस्था करनी चाहिए।

## मीटर को रिमोट से छेड़छाड़ कर होटल में की जा रही थी बिजली चोरी

● पदमावत मीडिया



**जयपुर ।** जयपुर डिस्कॉम की सतर्कता शाखा ने मंगलवार को ब्रहम्पुरी क्षेत्र के होटल जय पैलेस परिसर की सतर्कता जांच की। इस दौरान होटल में अघरेलू श्रेणी का एक विद्युत कनेक्शन स्थापित मिला। जिसकी जांच में मीटर की डिस्प्ले एवं टोंग टेस्टर के लोड में अन्तर पाया गया। मौके पर होटल मालिक श्री मोहन लाल सैनी द्वारा मीटर को रिमोट से ऑपरेट कर बन्द व चालू किया जाता था। मामले में विद्युत चोरी पाये जाने पर वीसीआर भरी गयी एवं मीटर तथा रिमोट को जब्त किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेन्द्र कुमार शर्मा तथा अधीक्षण अभियंता (सतर्कता) बी. एल. शर्मा ने बताया कि इस मामले में 17 लाख 3 हजार 259 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। कनेक्शन को काटकर वसूली की कार्यवाही की जाएगी। सतर्कता टीम में सहायक अभियंता (सतर्कता-जयपुर सिटी सर्किल) पुखराज मीना सहित अन्य कार्मिक भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता द्वारा जुर्माना राशि निर्धारित समयावधि में जमा नहीं करवायी जाती है तो उनके विरूद्ध विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया जावेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) ने बताया कि सतर्कता शाखा विद्युत चोरी रोकने के लिए कृत संकल्प है। विद्युत चोरी पर प्रभावी अंकुश स्थापित करने के लिए सभी सतर्कता अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में सतत् सतर्कता जांच कार्यवाही की जा रही है। विद्युत चोरी करने वालों की धरपकड जारी रहेगी।

## बीकानेर में पटवारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

### फसल खराबे की रिपोर्ट के नाम पर किसान से मांगे थे 9 हजार रुपए



● पदमावत मीडिया

**बीकानेर ।** बीकानेर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पटवारी को 9 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पटवारी फसल खराबे की रिपोर्ट के नाम पर रिश्वत मांग रहा था। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने उसे रंगे हाथों ट्रेप किया। एसीबी के एडिशनल एसपी महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया- बीकानेर के खाजूवाला के चक 23 ऋड्ढष्ठ में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। एसीबी को शिकायत मिली थी कि पटवारी दीपचंद मीना किसानों से रिश्वत लेकर काम कर रहा है। बताया गया कि फसल खराबे का मुआवजा दिलाने के लिए पटवारी से रिपोर्ट ली जाती है। इसी रिपोर्ट की एवज में 9 हजार रुपए की डिमांड की गई। पुलिस ने एडिशनल एसपी महावीर शर्मा के निर्देशन में डीएसपी महेश श्रीमाली की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। शिकायतकर्ता ने बीकानेर एसीबी ऑफिस को इस मामले में शिकायत की पुष्टि तीन मार्च को हुई। एसीबी को जब लगा कि शिकायत सही है और रिश्वत मांगी गई है। इसके बाद मंगलवार को ट्रेप की कार्रवाई की गई। इस दौरान जब शिकायतकर्ता ने रुपए दिए तो एसीबी टीम को इशारा कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने शिकायत करने वाले का नाम फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया है।

## मुख्यमंत्री से आईफा आयोजन समिति के सदस्यों ने की मुलाकात आईफा अवाई्स समारोह में शामिल होने का दिया निमंत्रण

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मंगलवार को आईफा अवार्डस आयोजन समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात कर आईफा अवार्ड्स समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। समिति सदस्यों ने 8 एवं 9 मार्च को राजधानी जयपुर में आयोजित होने वाले समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री से उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए अनुरोध किया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, शासन सचिव पर्यटन रवि जैन, आईफा अवाई्स आयोजन समिति के सदस्य सब्बास जोसेफ, विराफ सरकारी, आन्द्रे टिमिन्स सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि



इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवाई्स (आईफा) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त एक महत्वपूर्ण फिल्म पुरस्कार समारोह है, जो कि मुख्य रूप से विदेश में ही आयोजित होता रहा है। मुम्बई के बाद भारत में दूसरी बार इसका आयोजन राजस्थान की राजधानी जयपुर में होने जा रहा है।

## 5वीं फार्मेसी जागरूकता यात्रा का उदयपुर में शानदार स्वागत

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भारत में फार्मेसी शिक्षा के जनक प्रोफेसर एमएल श्रॉफ (1902-1971)की 123वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 5वीं फार्मेसी जागरूकता यात्रा उदयपुर पहुंची। यह यात्रा 27 फरवरी को नई दिल्ली के राजघाट से शुरू हुई थी और 6 मार्च को मुंबई के डीवाई पाटिल संस्थान में समाप्त होगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य फार्मेसी शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और सभी हितधारकों को एक मंच पर लाना, फार्मेसी पेशेवरों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और फार्मेसी शिक्षा को बढ़ावा देना था। इस यात्रा का आयोजन फार्मा लोक, दिल्ली के अमित झा और प्रयागराज के डॉ पर्जन्य कुमार शुक्ला ने किया था। यात्रा के पांचवें दिन, उदयपुर यात्रा के संयोजक डॉ कमल सिंह राठौड़ ने बताया कि टीम ने उदयपुर के कई फार्मेसी कॉलेजों का दौरा किया, जिनमें भूपाल नोबल कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी, एशियन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, राजस्थान विद्यापीठ कॉलेज ऑफ फार्मेसी, गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, पैसिफिक कॉलेज ऑफ फार्मेसी और सनराइज कॉलेज ऑफ फार्मेसी शामिल हैं। उन्होंने प्रोफेसर श्रॉफ के शिष्य नंद लाल अग्रवाल और राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति कर्नल प्रोफेसर एसएस सारंगदेवोत से भी मुलाकात की।



सभी कॉलेजों ने टीम का बड़े सम्मान और संस्कृति के साथ भावभीना स्वागत किया। अमित झा ने अपने बयान में कहा कि हमें इस यात्रा के माध्यम से फार्मेसी शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और सभी हितधारकों को एक मंच पर लाने का अवसर मिला है। हमें उम्मीद है कि यह यात्रा फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत करेगी। ज्ञातव्य हैं की भारत में पहला फार्मेसी कॉलेज 1932 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में प्रोफेसर एम एल श्रॉफ के निर्देशन में खुला था. यात्रा में डॉ अशोक दशोरा, डॉ एसएस सिसोदिया, डॉ जेएस वाघेला, आलोक भार्गव, डॉ राहुल गर्ग, डॉ एमएस राठौड़, डॉ आरएस भदौरिया, डॉ सुरेश देव, डॉ अंजू गोयल, डॉ कल्पेश गौर, डॉ उदयभान सिंह आदि ने भाग लिया।

## अलवर में थाना रामगढ़, डीएसटी व साइबर सेल की बड़ी कार्रवाई

# घटना में प्रयुक्त कार व मोटरसाईकिल सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** अलवर जिले की थाना रामगढ़, डीएसटी व साइबर सेल की टीम ने कस्बा रामगढ में प्रोपर्टी व्यवसायी के ऑफिस में घुस अज्ञात नकाबपोश बदमाशों द्वारा जानलेवा हमला करने की सनसनीखेज वारदात का खुलासा कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार व एक बाइक जब्त की है। एसपी संजीव नैन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी भारत सिह नायक पुत्र फूलसिह (35), सागर नायक उर्फ पुतिन पुत्र राजेश नायक (24), तरुण उर्फ भट्टी पुत्र पूरणमल सैनी (24) व वासुदेव नायक पुत्र यादराम नायक (19) निवासी नायक मोहल्ला गांव रामगढ, दीपक सिंह पुत्र रतनलाल उर्फ रतन सिंह (25) निवासी चिडवाई, थाना गोविन्दगढ एवं गुरुदयाल उर्फ गौरव उर्फ गुटियारी पुत्र बीरबल प्रजापत (25) निवासी खिलौरा थाना रामगढ जिला अलवर है। आरोपी भारत सिंह, गुरुदयाल वासुदेव नायक एवं तरुण सैनी के विरुद्ध आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसपी नैन ने बताया कि प्रॉपर्टी व्यापारी ने अस्पताल में पर्चा बयान दर्ज कराया कि 26 फरवरी की सुबह 3 नकाबपोश व्यक्ति उसके ऑफिस में आए। जिन्होंने जान से मारने की नियत से उसके सिर, हाथ व अन्य जगह सरिये, लाठी एवं हाकी से ताबड़तोड़ वार किये। बेहोश हो जाने पर बदमाश वहां से भाग गए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश एवं गिरफ्तारी के लिए अति. पुलिस अधीक्षक डॉ तेजपाल सिंह के निर्देशन व सीओ सुनील प्रसाद शर्मा के सुपरविजन एवं एसएचओ विजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई, जिसमें डीएसटी व साइबर सेल को सम्मिलित किया गया।



### टीम द्वारा किये गये प्रयास

वारदात के खुलासे के लिए गठित टीम द्वारा घटनास्थल एवं आस पडौस के सीसीटीवी कैमरे व अन्य तकनीकी संसाधनों से प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपियों की तलाश प्रारम्भ की गई। आसूचना तंत्र से प्राप्त इनपुट से कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए आरोपियों की पहचान हो जाने के योजनाबद्ध रुप से राउण्डअप कर घटना में प्रयुक्त वाहनों को जब्त किया गया है।

**तरीका ए वारदात–**

पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों द्वारा पहले मोटरसाईकिल से प्रॉपर्टी कारोबारी की गतिविधियों के बारे में जानकारी/रैकी की गई। फिर घटना से एक दिन पहले अलवर से कार किराये पर लेकर आये। 25 फरवरी को पीडित ईको कार से अलवर की तरफ जा रहा था, जिसकी जानकारी आरोपियों को मिलने पर 2 बदमाशों ने उनका मोटरसाईकिल से तथा अन्य 5 बदमाशो ने किराये पर ली गई कार से पीछा किया। बाइक सवार आरोपी कार में सवार अपने साथियों को मौबाईल से परिवादी की लोकेशन दे रहे थे। रास्ते में कार जाम में फँस जाने से प्रॉपर्टी कारोबारी की कार इनके नजरों से औझल हो गई, ये दूसरी इको कार का पीछा करते हुये राजगढ तक पहुंच गये। जहाँ प्रॉपर्टी व्यापारी की ईको कार के स्थान पर अन्य कार होने पर वापिस रामगढ आ गये। अगले दिन 26 फरवरी को महाशिव रात्रि पर्व पर आमजन के पर्व में व्यस्तता का फायदा उठाकर बदमाशों ने कार में सवार होकर वारदात को अंजाम दे दिया। वारदात कर गाँवों के रास्तों से अलवर की तरफ भाग गये और वहां पर कार वापिस देकर अन्य वाहन से फरार हो गये।

## 2024 और 2025 की बजट घोषणाओं, विभागीय योजनाओं और संपर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित

# निर्धन वर्ग का कार्य सदैव प्राथमिकता पर करें, बजट घोषणाओं का एक भी काम लंबित नहीं रहे: कलेक्टर

● पदमावत मीडिया

**राजसमंद।** सभी अधिकारी निर्धन वर्ग के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनसे जुड़ी योजनाओं में प्राथमिकता पर कार्य करते हुए त्वरित राहत प्रदान करें, निर्धन वर्ग के कार्यों को समय पर पूर्ण करें, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में कोई कोताही न बरतें, योजनाओं में अधिकाधिक पात्र लोगों को लाभान्वित करें, ये निर्देश जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने मंगलवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए। वे बजट घोषणाओं 2024-25, 2025-26, समस्त विभागों की प्रमुख योजनाओं, संपर्क पोर्टल आदि की विस्तार से समीक्षा कर रहे थे। जिला कलक्टर बजट घोषणा 2025-26 पर विभागवार चर्चा करते हुए भूमि आवंटन संबंधित कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंए सभी विभागों को लंबित प्रस्तावों को 10 मार्च की डेडलाइन तक हर हाल में भेजने के निर्देश दिए। कलक्टर ने जिला चिकित्सालयों में 10 बेड डायलासिस सेंटर, डाइबाटीज़ सेंटर, स्ट्रीट लाइट, मल्टी जिम एवं स्टेडियम, सड़कों के कार्यों सहित समस्त घोषणाओं पर विभागों से चर्चा की। बजट घोषणा 2024-25 के समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि जिन भी घोषणाओं में आवश्यक स्वीकृतियाँ मुख्यालय पर लंबित हैं वहाँ समन्वय करें। कलक्टर ने कहा कि वे खुद भी विभागों के मुख्यालयों को पत्राचार कर लंबित स्वीकृति जल्द जारी करने हेतु प्रयास करेंगे। कलक्टर ने कहा कि अधिकारी फील्ड विजिट करें, ग्राउंड पर जाएं और देखें कि कितना काम हुआ है और कितना बाकी है। विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलक्टर ने विद्युत विभाग से घरेलू, अघारेलू, कृषि आदि समस्त श्रेणी के विद्युत कनेक्शन की समीक्षा की। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली के दौरान एसई को इस माह कम से कम जिले में 300 नए कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए। नगर परिषद से डीएवाईएनयूएलएम, पीएम स्वनिधि, अन्नपूर्णा रसोई को लेकर चर्चा की। स्वच्छता पर चर्चा करते हुए कलक्टर ने रात्रि काल में सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण, आरआरआर, बाजार में दुकानों पर डस्ट बिन वितरण, प्लास्टिक मुक्ति



अभियान पर चर्चा की। कलक्टर ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त राजसमंद के लिए सोर्स पर कड़ी कार्रवाई करें और प्लास्टिक जहां वे आ रहा है वहीं जब्त करें, तब ही रोकथाम हो सकेगी। इसी तरह उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यवाहक उप निदेशक आरएएस आकांक्षा दुबे से पूरक पोषाहार वितरण की समीक्षा की। कृषि विभाग और ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग को नरेगा के तहत फार्म पॉण्ड के प्रस्ताव दो दिन में तैयार कर हर हाल में भेजने के निर्देश दिए। कलक्टर ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, प्रोजेक्ट श्रम संबल, 100 दिवसीय कार्य योजना आदि पर चर्चा की। हर बच्चे का होगा जन्म प्रमाण पत्र और आधार जिला कलक्टर असावा ने अपार आईडी की समीक्षा के दौरान जब यह पाया कि कई बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने से उनके आधार नहीं बन पा रहे हैं। इस पर उन्होंए शिक्षा विभाग तथा डीओआईटी को निर्देश दिए कि जिलेभर में मिशन मोड पर अभियान चलाकर हर एक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र जारी कराएं एवं आधार कार्ड बनवाएं। कलक्टर ने कहा कि जिले में एक भी बच्चा ऐसा नहीं होना चाहिए जिसका आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र न हो।

### खाद्य प्रसंस्करण पर चर्चा

जिला कलक्टर ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि 56 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 24 स्वीकृत होकर लाभार्थियों को 2.29 करोड़ के ऋष्ण मिले हैं। कलक्टर ने प्रगति बढ़ाते हुए 35 प्रतिशत सबीसीडी वाली इस योजना में अधिकाधिक कृषकों को लाभान्वित कर उनकी आय वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से कन्यादान योजना की समीक्षा के दौरान उप निदेशक दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि 56 आवेदन में से 43 स्वीकृत हुए हैं। कलक्टर ने कहा कि विभाग सक्रिय रह कर यह सुनिश्चित करें कि एक भी पात्र जोड़ा वंचित नहीं रहे और हर पात्र इसमें आवेदन करें, कलक्टर ने कहा कि सर्वे करेंगे तो जिलेभर में कई पात्र मिल जाएंगे।

### संपर्क में संतुष्टि स्तर बेहतर करें

जिला कलक्टर असावा ने बैठक में संपर्क पोर्टल पर विभागों की परफ़ोर्मेंस की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन विभागों का संतुष्टि स्तर कम है, वे इसे बेहतर करें। कलक्टर ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर जिन प्रकरणों में राहत दी हो वहीं राहत देना बताएं, परिवादी से हर अधिकारी सीधा संवाद कर सुनिश्चित करें कि शिकायत का समुचित समाधान हुआ हो। हर शिकायत हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

## राजस्थान के श्री महावीर जी का इतिहास गौमाता, किसान, टिले और वर्द्धमान स्वामी से जुड़ा हुआ है




● पदमावत मीडिया

**इंदौर (कीर्ति पाटोदी)।** पिछले महीने आचार्य श्री विद्यासागर जी महा मुनि राज के प्रथम समाधि दिवस पर श्री महावीर जी दर्शन करने का अवसर मिला। भगवान श्री आदिनाथ, पुष्पदंत स्वामी और विश्व विख्यात टिले वाले बाबा भगवान श्री महावीर स्वामी की मनोहारी मुंगावर्णी जिनप्रतिमा के दर्शन करके जो आत्मशांति का अनुभव हुआ वह अनुपम है। राजस्थान प्रांत के उक्त श्री महावीर जी मंदिर के इतिहास कि जानकारी देते हुए वर्द्धमानपुर शोध संस्थान के ओम पाटोदी ने बताया कि इस दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र की एक सच्ची और रोचक कहानी है। वर्षों पहले की घटना है कि एक किसान की एक गय्या कुछ समय से दुध नही दे रही थी किसान दम्पति सोच में पड़ गए कि आखिर इसका दुध कौन व्यक्ति निकाल लें रहा है। आखिर एक दिन किसान ने गाय के पिछे पिछे जंगल में जाकर इसका कारण जानना चाहा तो उसके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा गाय एक ऊंचे से टिले पर जाकर खड़ी हो गई ओर उसके थनो से दूध अपने आप ही उस टिले पर झरने लगा। भयभीत किसान ने इस आश्चर्यजनक घटना को अपनी पत्नी को बताया कुछ दिनों तक यह वाक्या चलता रहा एक दिन हिम्मत जुटा कर पति-पत्नी दोनों कुदाली फावड़ा लेकर उस टिले को खोदना शुरू कर दिया। पुरा टिला खोद गिराया तब उनकी आंखें फटी की फटी रह गई जब टिले के अंदर भगवान श्री महावीर स्वामी की प्रतिमा प्रकट हुई उन्होंने यह बात जनता को बतलाई लोगों कि तांता लगना शुरू हो गया जयपुर राज्य के राजा और मंत्री तक यह बात पहुंची मंत्री ने राजा की मदद से एक भव्य मंदिर बनवा कर उस चमत्कारी तीर्थंकर प्रतिमा को विराजमान किया जो आज भी श्री महावीर जी के इस मन्दिर में विराजमान हैं और लाखों करोड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र है। भारतीय डाक विभाग द्वारा इस मंदिर की ऐतिहासिक को देखते हुए 28 नवंबर 2022 को एक पीपीसी पर्मानेंट पिक्टोरियल केंशीलेंशन (मोहर) जारी किया। जिस पर मंदिर की आकृति प्रदर्शित की गई है। वर्द्धमानपुर शोध संस्थान के सदस्यो ने श्री महावीर जी के डाकघर जाकर वहां के सब पोस्ट मास्टर श्री हरिमोहन बंशीवाल, मुकेश सिंह अभिषेक गुप्त से मुलाकात करके पोस्ट कार्ड पर वहां के पर्मानेंट पिक्टोरियल केंशीलेंशन (पीपीसी) की मुहर प्राप्त करके अपने फिलेटेलिक संग्रह में अभिवृद्धि की। वहां के सभी अधिकारियों की सहजता और आत्मियता ने प्रभावित किया। आप भी अगर डाक टिकटों के संग्रह में रूचि रखते हैं तो यह पीपीसी आपके बहुत काम का है।

## ठाकुर अमरचंद बड़वा की पहली प्रमाणिक पुस्तक व अक्षय लोकजन भूपाल जयंती विशेषांक सुश्री प्रज्ञा रमानी को भेट



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** लोकजन सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर विमल शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने संभागीय आयुक्त आई ए एस सुश्री प्रज्ञा रमानी से भेंट कर आपश्री के निर्देशानुसार विगत दिनों भूपाल जयंती पर राजस्थान साहित्य अकादमी के सक्रिय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही समारोह में विमोचित ठाकुर अमरचंद बड़वा पर प्रथम प्रमाणिक पुस्तक व अक्षय लोकजन भूपाल जयंती विशेषांक की प्रति भेट की। अपने सन्देश में सुश्री रमानी ने कहा की प्रबुद्ध इतिहासकारों द्वारा लिखित 32 आलेख वाली यह पुस्तक विश्व पटल पर बड़वा सा के विक्तित्व के सभी आयामों को प्रस्तुत करने में सफल रहेगी , भूपाल जयंती अंक का अवलोकन करते हुए उन्होंने प्रतिष्ठित व्यक्तियों के संरक्षक मण्डल में होने पर प्रसन्नता जाहिर की व लोकजन को उत्तरोत्तर मेवाड़ के अंछुए मुद्दे प्रकाश में लाने पर साधुवाद व शुभकामनायें प्रेषित की जय किशन चौबे ने मैडम के संज्ञान में लाया की इस पुस्तक की 1000 प्रतियाँ छपी है व लागत मूल्य पर ही पाठको को उपलब्ध कराई जा रही है। प्रतिनिधि मण्डल में अध्यक्ष प्रो विमल शर्मा, महासचिव जय किशन चौबे, संपादक मनोहर लाल मूंदड़ा, डॉ मनीष श्रीमाली व गोविन्द लाल ओढ़ उपस्थित थे।

## कोलेडोकल सिस्ट से पीढ़ित तीन माह के शिशु का पीएमसीएच में हुआ सफल ऑपरेशन

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक तीन महीने के शिशु का कोलेडोकल सिस्ट नामक बीमारी का सफल ऑपरेशन किया गया। इस सफल ऑपरेशन में बाल एवं नवजात शिशू सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर, डॉ.अर्पित ओबराय,डॉ.प्रकाश औदिच्य, डॉ.प्रशान्त, डॉ.पुनीत, डॉ. सन्नी, डॉ.पलक, विष्णु, संजय एवं मनीष की टीम का सहयोग रहा। दरअसल डूॅगरपुर जिले के महादेवफला निवासी 3 महिने के दीपांश पिछले डेढ़ महिने से पेट दर्द और लगातार उल्टी की समस्या के कारण परेशान था। परिजनों स्थानीय चिकित्सक को दिखाया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। परिजन बच्चें को भीलों का बेदला स्थित पेसिफिक अस्पताल लेकर आए जहॉ बच्चें कों डॉ.प्रवीण झंवर को दिखाया तो बच्चें की आवश्यक जॉच एवं एमआरआई की गई तो बच्चे के पित्त नली में असामान्य रूप से सूजन थी,जिसे कोलेडोकल सिस्ट कहा जाता है। जिसका की ऑपरेशन द्वारा ही उपचार सम्भव था। बच्चे को बचाने के लिए डॉक्टरों ने तुरंत सर्जरी करने का निर्णय लिया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने एक्सप्लोरेटरी लैप्रोटॉमी के जरिए कोलेडोकल सिस्ट को हटाने के साथ कोलेसिस्टेक्टॉमी और हेपेटोडुओडेनोस्टोमी की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की। यह एक जटिल और जोखिम भरा ऑपरेशन था, लेकिन पीएमसीएच के कुशल सर्जनों ने इसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया। पीएमसीएच के बाल एवं नवजात शिशू सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर ने बताया कि यह एक दुर्लभ जन्मजात समस्या होती है,जिसमें पित्त की नली असामान्य रूप से बढ़ जाती है और अगर समय पर इलाज न किया जाए तो यह गंभीर जटिलताएं पैदा कर सकती है। डॉ.झंवर ने बताया कि कोलेडोकल सिस्ट एक दुर्लभ लेकिन गंभीर समस्या है, जो नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों में देखी जाती है।

समय पर इसका पता लगाकर सर्जरी कर दी जाए तो यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। यदि छोटे बच्चों में बार-बार पेट दर्द, उल्टी या पीलिया जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डॉ.पलक जैन ने बताया कि सर्जरी के बाद शिशु को पीडियाट्रिक आईसीयू में रखा गया,जहां उसकी लगातार निगरानी की गई। ऑपरेशन के बाद बच्चे की हालत स्थिर रही और उसे किसी भी प्रकार की गंभीर समस्या नहीं हुई। आईसीयू और वार्ड में कुछ दिनों के देखभाल के बाद बच्चे को पूरी तरह स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मरीज के परिजनों ने पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल,सभी चिकित्सकों,मैनेजमेंट, नर्सिंग कर्मियों एवम् स्टॉफ का आभार जताया।

## जयन्तीलाल घांची के नेतृत्व में प्रदेशाध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र



● पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** भाजपा के उर्जावान उभरते नेता एवं भारतीय किसान संगठन के जिलाध्यक्ष जयंतीलाल घांची ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को मांग पत्र सौंपकर शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। उन्होंने ज्ञापन में शहर की यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए रिंगरोड बनाने, बाईपास बनाने, शहर में सीवरेज लाइन बिछाने व पानी व सड़कों की समस्या के समाधान की मांग की। घांची ने बताया कि करीब एक लाख की आबादी का शहर में यातायात व्यवस्था दिनों-दिन बदहाल हो रही है। भारी वाहन शहर में घुसते ही जगह-जगह जाम लग जाता है। साथ ही सीवरेज लाइन नहीं होने जगह-जगह गंदगी पसर रही है। ऐसे में स्वच्छता अभियान भी दम तोड़ रहा है। उन्होंने ज्ञापन में शहर की समस्याओं के समाधान की मांग की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को युवा नेता जयन्तीलाल घांची ने भगवान साँवरिया की तस्वीर भेंट कर प्रदेश में अमन चैन की शुभकामनाएं व्यक्त की । इस मौके पर सुरेश एम बोहरा, माली ओमप्रकाश सुन्देशा, आत्माराम साऊ सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राव वचनसिंह डुबने विश्व हिंदू परिषद जोधपुर के प्रांत कार्यकारिणी अधिकारी

● पदमावत मीडिया



**भीनमाल ।** विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष एवं परम गौभक्त, जीव प्रेमी राव वचनसिंह को जोधपुर प्रांत के कार्यकारिणी अधिकारी के रूप में नवीन दायित्व सौंपा गया है। उनकी इस नियुक्ति पर संगठन के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया और शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनके जोश, अनुभव और समर्पण से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और हिंदू समाज सेवा के कार्यों को और अधिक गति मिलेगी । राव वचनसिंह लंबे समय से गौसेवा, सामाजिक उत्थान और धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में सेवा कार्यों को मजबूती मिलेगी। उक्त निर्णय जोधपुर प्रांत की प्रांत बैठक पांचला सिद्धा खींवसर नागौर में आयोजित प्रांत बैठक में लिया गया । दो दिवसीय इस बैठक में राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन, राजस्थान क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्याय, प्रान्त अध्यक्ष डॉ राम गोयल, प्रान्त मंत्री परमेश्वर जोशी, प्रान्त संगठन मंत्री राजेश पटेल, प्रान्त कोषाध्यक्ष पंकज भंडारी, प्रान्त सह मंत्री महेंद्रसिंह राजपुरोहित, सतीशसिंह, महेंद्र उपाध्याय, सहित प्रांत अधिकारियों की उपस्थिति में विहिप प्रांत में नव दायित्व की घोषणा की गई । उल्लेखनीय है कि विश्व हिन्दू परिषद् भीनमाल जिले के जिलाध्यक्ष राव वचनसिंह को नवीन दायित्व देकर जोधपुर प्रांत में प्रांत सह कोषाध्यक्ष दायित्व दिया गया । ज्ञात रहे राव वचनसिंह छात्र जीवन में एबीवीपी से जुड़कर कर आरएसएस के स्वंसेवक रहकर विहिप भीनमाल प्रखंड में मंत्री, जिला मंत्री से जिलाध्यक्ष का दायित्व लंबे समय तक निर्वहन किया ।

## संवेदनशील सरकार- मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में मिल रही 51 हजार रुपए तक की आर्थिक सहायता

# जिला प्रशासन मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में हर एक पात्र को लाभान्वित करने में जुटा



● पदमावत मीडिया

**राजसमंद ।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार निर्धन एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। राज्य सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत विवाह सहायता प्रदान की जाती है। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक दीपेन्द्र सिंह को इस योजना में समस्त पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं ताकि अंतिम छोर तक इस योजना का लाभ पहुँच सके। उप निदेशक सिंह ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं के विवाह हेतु सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत पात्रता एवं लाभार्थियों से संबंधित विभाग द्वारा विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। योजना के अंतर्गत केवल राजस्थान के मूल निवासियों को ही सहायता प्रदान की जा रही है। योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग के बीपीएल परिवारों की कन्याओं के विवाह पर अधिकतम 51 हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। इसी तरह शेष सभी वर्गों के बीपीएल परिवारों, अंत्योदय परिवार, आस्था कार्ड धारी परिवार, आर्थिक दृष्टि से कमजोर विधवा महिलाओं, विशेष योग्यजन व्यक्तियों की कन्याओं, पालनहार योजना में लाभान्वित कन्याओं एवं स्वयं महिला खिलाड़ी के विवाह पर अधिकतम 41 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है। योजना के तहत विवाह योग्य कन्या के पिता, माता या संरक्षक ही आवेदन करने के पात्र हैं। योजना केवल 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की अधिकतम दो कन्या संतानों के विवाह हेतु लागू होगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग के बीपीएल परिवारों की कन्याओं के विवाह के लिए विशेष सहायता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, शेष सभी वर्गों के बीपीएल परिवार, अंत्योदय परिवार, आस्था कार्डधारी परिवार, आर्थिक रूप से कमजोर विधवा महिलाओं, विशेष योग्यजन व्यक्तियों और पालनहार योजना से जुड़े लाभार्थी भी इस सहायता का लाभ उठा सकते हैं। उन विधवा महिलाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु भी अनुदान दिया जाएगा जिनकी वार्षिक आय 50,000 रुपये से अधिक नहीं है तथा परिवार में 25 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई कमाने वाला सदस्य नहीं है। यदि किसी विवाह योग्य कन्या के माता-पिता दोनों का देहांत हो चुका है, तो उसकी देखभाल करने वाली विधवा संरक्षक महिला द्वारा आवेदन किया जा सकता है। जिन कन्या संतानों को पूर्व में सहयोग योजना अथवा विधवा पुत्री विवाह सहायता योजना के तहत अनुदान राशि प्राप्त हो चुकी है, उन्हें भी इस नवीन योजना में अधिकतम संतानों की गिनती में सम्मिलित माना जाएगा। यह योजना राजस्थान सरकार की ओर से समाज के कमजोर वर्गों को संबल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे योग्य कन्याओं के विवाह में आर्थिक सहायता सुनिश्चित की जा सके। पात्र व्यक्ति योजना का लाभ उठाने के लिए ई मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं या पुरानी कलेक्टरी स्थित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

# लव जिहाद को लेकर आक्रोश रैली व ज्ञापन

- लव जिहाद के अपराधियों को फाँसी हो - हिन्दू समाज
- विजयनगर ब्लैकमेल कांड को लेकर समाज में आक्रोश
- सर्व हिन्दू समाज के आग्रह पर बाजार बंद व आक्रोश रैली
- सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक, राजनीतिक संगठनों और सभी जाति बिरादरियों की नजर आई एकजुटता




● पदमावत मीडिया

**राजसमंद।** शहर के राजनगर कस्बे में सुबह से ही प्रतिष्ठान व बाजार बंद का माहौल था । चहल पहल अधिक नहीं होने के साथ हर व्यक्ति के मुँह पर अपनी बहन बेटियों व धर्म की रक्षा हेतु लव जिहाद के प्रति आक्रोश था। सर्व हिन्दू समाज समाज के आग्रह पर विजयनगर (अजमेर) क्षेत्र में मुस्लिम समाज के असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल जाने वाली नाबालिग हिंदू लड़कियों को धोखे से अपने जाल में फंसाकर, उनके साथ अनुचित वीडियो बनाकर, ब्लैकमेल करने और उनका शोषण करने की घिनौनी घटनाओ को लेकर शहर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय फव्वारा चौक से मुख्य मार्ग से होते हुए जिला कलेक्ट्रेट तक आक्रोश रैली निकली जिसमे बड़ी संख्या में सर्व हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। दिनदयाल उपाध्याय सर्कल से शुरू हुई रैली में लोगों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। महिलाओं ने भी गगनभेदी नारे लगाकर विरोध जताया। रैली शहर के सदर बाजार, दाणी चबूतरा, गणेश चौक, कलालवाटी, किशोरनगर, मंडा होते हुए जिला परिषद चौराहे से जिला कलेक्ट्रेट में पहुंची। जहा सर्व समाज के लोगो ने संतो व महंतो के सानिध्य में ज्ञापन देते हुए कहा की उन मुस्लिम लड़कों का इरादा न केवल उक्त हिंदू बालिकाओं का यौन शोषण करना था अपितु धर्मांतरण के माध्यम से इस देश को दारुल इस्लाम बनाना भी है। इन घटनाओं में पीडितों पर अनैतिक दबाव डालने और उनकी गरिमा को ठेस पहुँचाने के उद्देश्य से योजनाबद्ध षड्यंत्र रचा जाता है। यह अपराध न केवल विजयनगर बल्कि राजसमन्द में भी गंभीर चिंता का विषय है। राज्य के विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे मुस्लिम असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल, कॉलेज और ट्यूशन सेंटरों के बाहर योजनाबद्ध तरीके से हिंदू लड़कियों को फंसाने, शोषण करने और उन्हें मानसिक और शारीरिक आघात पहुँचाने के मामले सामने आए हैं। इस प्रकार की घटनाओं ने हिंदू समाज में भय और आक्रोश उत्पन्न किया ओर इस अमानवीय कृत्य की कठोर निंदा की, मुस्लिम समाज के लड़को द्वारा किया गया यह कृत्य वैश्विक षडयंत्र का हिस्सा है। लव जिहाद का यह मॉडल केवल विजयनगर ही नहीं अपितु सम्पूर्ण राजस्थान सहित भारतवर्ष में फैला हुआ है। अनेक मुस्लिम युवकों द्वारा नाबालिग हिन्दू लड़कियों को धोखे से स्वयं को हिंदू प्रकट कर दोस्ती करना तत्पश्चात यौन शोषण, धर्मांतरण और विरोध करने पर हत्या कर देने जैसे मामले में अभूतपूर्व बढ़त देखने को मिली है। सर्व हिंदू समाज ने प्रशासन से आग्रह किया कि ऐसे मुस्लिम असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर, उनके विरुद्ध सघन अभियान चलाया जाए और कानून के अनुसार कठोरतम कार्रवाई की जाए। हमारी बहन-बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा मजबूत कदम उठाया जाए। सर्व हिन्दू समाज ने मांग की है कि स्कूल, कॉलेज, ट्यूशन सेन्टर, कोंचिग क्लासेज के बाहर नियमित रूप से पुलिस की नियुक्ती की जाकर बच्चीयों को सुरक्षा प्रदान कराई जावे। राजसमंद में भी ऐसे अनेक संवेदनशील क्षेत्र है जहाँ लव जिहाद ओर लैंड जिहाद की गतिविधिया जोर शोर से विधर्मियो द्वारा चलाई जा रही है, ऐसे व्यक्तियों व स्थानो पर तुरन्त दबीश देकर अवेध गतिविधियो को बंद करवाया जावे ओर सार्वजनिक भूमि पर मजार ओर अन्य ईरादो से किये गए कब्जो को ध्वस्त किया जावे। विजयनगर कांड का कोई भी अभियुक्त बच न पाए और दोषियों को शीघ्रता से कठोर सजा दी जाए। सर्व हिंदू समाज यह भी चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में ऐसी कोई घटना फिर से घटित होती है और प्रशासन समय पर उचित कदम नहीं उठाता है, तो समाज के लोग मजबूरन सडकों पर उतरकर स्वयं न्याय करेंगे। इस दौरान समाज के प्रबुद्धजन, मातृशक्ति व युवाओं ने आक्रोश रैली की व्यवस्थाओं को स्वनुशासन के साथ संभाला।

# मध्यप्रदेश पुलिस के e-Rakshak App को मिला FICCI स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड




● पदमावत मीडिया

**भोपाल।** नई दिल्ली में 4 मार्च 2025 को आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पुलिस के अत्याधुनिक e-Rakshak App को प्रतिष्ठित FICCI स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (FICCI) द्वारा पुलिसिंग में डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस वर्ष इस पुरस्कार के लिए सम्पूर्ण भारत से 200 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनका गहन मूल्यांकन करने के पश्चात मध्यप्रदेश पुलिस के e-Rakshak App को इस प्रतिष्ठित अवार्ड के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर श्री जी.के. पिल्लई पूर्व गृह सचिव, भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस के श्री चंचल शेखर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, भोपाल को इस अभिनव पहल के लिए FICCI स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर मध्यप्रदेश पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना ने प्रसन्नता व्यक्त की और SCRB के समस्त अधिकारियों को बधाई दी।

## e-Rakshak App: पुलिसिंग में डिजिटल क्रांति

जनता की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए "MP e-Rakshak - The Smart Cop App" विकसित किया गया है। यह ऐप बीट स्तर पर कार्यरत पुलिसकर्मियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर उन्हें अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान में मदद करता है। पहले पुलिसकर्मियों को अपराधियों की पहचान मुख्य रूप से व्यक्तिगत अनुभव और जान-पहचान के आधार पर करनी पड़ती थी, लेकिन अब इस ऐप के माध्यम से संपूर्ण मध्यप्रदेश के अपराधियों की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाती है। इससे संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की त्वरित वेरिफिकेशन संभव हो पाती है, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है।

## ऐप के प्रमुख फीचर्स

क -आदतन अपराधियों की जानकारीः पुलिसकर्मी अपने कार्यक्षेत्र में मौजूद अपराधियों की पूरी जानकारी ऐप के माध्यम से देख सकते हैं।

क -गश्त के दौरान त्वरित पहचानः किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के नाम को अपराधियों के डेटाबेस में सर्च किया जा सकता है।

क -Face Recognition Module: किसी भी आरोपी की फोटो अपलोड करने पर उससे मिलते-जुलते अपराधियों के रिकॉर्ड तत्काल प्राप्त किए जा सकते हैं। फोटो मिलान के बाद डेटा सुरक्षित रूप से हटा दिया जाता है।

क - Vehicle Search: वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर, इंजन नंबर या चेसिस नंबर से उसकी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह सुविधा ऋक्षह डेटाबेस से भी जुड़ी हुई है, जिससे चोरी या अपराध में शामिल वाहनों की त्वरित पहचान हो सके।

## ऐप विकास में योगदान

इस महत्वपूर्ण तकनीकी नवाचार को विकसित करने में श्री हेमंत चौहान (उप पुलिस महानिरीक्षक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो), आर. एस. प्रजापति (सहायक पुलिस महानिरीक्षक), प्रांजलि शुक्ला (सहायक पुलिस महानिरीक्षक, सीसीटीएनएस), इंद्रा नामदेव (निरीक्षक, सीसीटीएनएस), हीरा सिंह ठाकुर (सहायक उपनिरीक्षक), सुरेंद्र रघुवंशी (सहायक उपनिरीक्षक) एवं अर्शदीप सिंह (प्रधान आरक्षक) का विशेष योगदान रहा। इस पुरस्कार से मध्यप्रदेश पुलिस को डिजिटल पुलिसिंग में अपनी भूमिका को और अधिक सशक्त करने की प्रेरणा मिलेगी, जिससे अपराध नियंत्रण और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

# आरपीएससीः आयोग ने जारी किया सहायक अभियोजन अधिकारी प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का परिणाम

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को गृह विभाग (अभियोजन) हेतु विज्ञापित सहायक अभियोजन अधिकारी प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का परिणाम जारी किया गया। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि 19 जनवरी 2025 को उक्त परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा के परिणाम स्वरूप 2724 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए अस्थाई रूप से सफल घोषित किए गए है। मुख्य परीक्षा हेतु अस्थाई रूप से सफल अभ्यर्थियों में से यदि कोई अभ्यर्थी विज्ञापन/नियमों के अनुसार निर्धारित पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं करता है तो आयोग किसी भी स्तर पर उसकी अभ्यर्थिता/पात्रता को निरस्त कर देगा। उक्त भर्ती के अंतर्गत मुख्य परीक्षा का आयोजन 1 जून 2025 को किया जाना प्रस्तावित है। 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में किसी भी विकल्प का चयन न करने के कारण 88 अभ्यर्थी अयोग्य घोषित उक्त परीक्षा के जारी किए गए विस्तृत विज्ञापन के अन्तर्गत ओ. एम.आर. उत्तरपत्रक में प्रश्नों के विकल्प भरने के सम्बन्ध में विशेष निर्देश के बिन्दु संख्या 5 तथा प्रश्न-पत्र में उल्लेखित परीक्षार्थियों के लिए निर्देश के बिन्दु संख्या 11 के अनुसार किसी परीक्षार्थी द्वारा 10 प्रतिशत अर्थात् 10 से अधिक प्रश्नों में 05 विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करने के कारण 88 अभ्यर्थियों को उक्त परीक्षा हेतु अयोग्य घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा वस्तुनिष्ठ भर्ती परीक्षाओं में प्रत्येक प्रश्न का पांचवा विकल्प दिया जाता है। इसमें यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहे तो उसे पांचवे विकल्प ''अनुतरित प्रश्न'' का चयन कर ओएमआर शीट पर गोले को भरना होता है। किसी भी विकल्प का चयन न करने पर प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटने तथा 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में किसी भी विकल्प का चयन न करने पर अभ्यर्थी को संबंधित परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किए जाने का प्रावधान भी आयोग द्वारा किया गया है।

# सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग ) प्रतियोगी परीक्षा-2023

## सहायक आचार्य- बॉटनीः साक्षात्कार के लिए 398 अभ्यर्थी अस्थाई रूप से सफल घोषित

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य-बॉटनी की परीक्षा के फलस्वरूप 398 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु पूर्णतः अस्थाई रूप से सफल घोषित किया गया है आयोग सचिव ने बताया कि उक्त विषय के प्रश्न-पत्र प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षा 20 मई 2024 तथा प्रश्न पत्र तृतीय की परीक्षा 7 जनवरी 2024 को आयोजित की गई थी। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साक्षात्कार हेतु अस्थाई रूप से सफल घोषित किए गए अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर उसे पूर्ण रूप से भरकर (2 प्रतियों में) तथा समस्त शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रति सहित उक्त परिणाम जारी होने की तिथि से 15 दिवस की समयावधि में आवश्यक रूप से आयोग कार्यालय में भिजवा देवें। अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच विज्ञापन की शर्तों के अनुसार किए जाने पर पात्र पाए गए अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार में सम्मिलित किया जाएगा। साक्षात्कार की तिथि के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को यथा समय अवगत करवा दिया जाएगा।

### मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने किया क्षेत्र का दौरा

# मिशन पिंक टॉयलेट के कार्यों की समीक्षा, निरीक्षण




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीया डाबी ने मंगलवार को गोगुन्दा क्षेत्र का दौरा कर मिषन पिंक टॉयलेट के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान सीईओ ने पिंक टॉयलेटस् का निरीक्षण भी किया। सीईओ रिया डाबी मंगलवार शाम को गोगुन्दा पहुंची। यहां उन्होंने पंचायत समिति की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पिंक शौचालयों का निरीक्षण किया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत राजस्थान सरकार के संकल्प पत्र 2023-24 में स्वीकृत मिशन पिंक टॉयलेट के कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत मदारड़ा के भादवीगुड़ा, विजयबावड़ी और ग्राम पंचायत गोगुन्दा के विद्यालयों में निर्मित पिंक शौचालयों की स्थिति का जायजा लिया। इन शौचालयों में गुलाबी रंग से पेंटिंग, इन्सिनरेटर मशीन और पानी की सुचारू आपूर्ति की व्यवस्थाएं पाई गईं। सीईओ ने संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि शौचालयों को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए दर्पण, तौलिया जैसी आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था की जाए। इसके अलावा सीईओ ने पंचायत समिति गोगुन्दा में राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और किसान पंजीकरण शिविरों की प्रगति की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान विकास अधिकारी महीप सिंह जागावत, सहायक अभियंता चेतन प्रकाश मीणा, स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे। पंचायत समिति पहुंचने पर विकास अधिकारी महिप सिंह, प्रधान सुन्दर देवी गमेती, उप प्रधान लक्ष्मण सिंह झाला व समाजसेवी पप्पू राणा भील ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी का स्वागत किया।

# मुख्य सचिव व डीजीपी ने ली वीसी

### जिला कलक्टर व एसपी ने भी सभी पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देष



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** आगामी दिनों में सभी समुदायों के धार्मिक उत्सवों और त्यौहारों के मद्देनजर प्रदेष में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मुख्य सचिव श्री सुधांष पंत और पुलिस महानिदेषक श्री उत्कल रंजन साहू ने मंगलवार शाम प्रदेष के सभी संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर एवं पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षकगणों की वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से बैठक ली। इसमें दोनों शीर्षस्थ अधिकारियों ने आगामी त्यौहारों के दौरान प्रदेष में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवष्यक कदम उठाने के निर्देष दिए। वीसी के पश्चात जिला कलक्टर नमित मेहता एवं पुलिस अधीक्षक योगेष गोयल ने वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से जिले के सभी उपखंड मजिस्ट्रेट, वृत्ताधिकारियों व थानाधिकारियों की बैठक ली। इसमें त्यौहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने के लिए थानास्तर पर सीएलजी बैठकें करने, माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देष दिए। बैठक में एडीएम प्रषासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, एडीएम सिटी वारसिंह भी उपस्थित रहे

# उदयपुर डेयरी में फूड लाइसेंस के लिए पंजीयन शिविर आयोजित




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान मे भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत फूड लाइसेन्स हेतु सरस डेयरी परिसर मे पंजीयन शिविर आयोजित हुआ। संघ के अध्यक्ष डालचंद डांगी ने बताया कि सरस डेयरी परिसर मे संघ से जुड़ी बल्क मिल्क कूलर दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के एफएसएसएआई अधिनियम के तहत फूड लाइसेन्स बनाने हेतु आयोजित इस शिविर मे 50 बीएमसी दुग्ध समितियों का पंजीकरण किया गया। संघ के प्रबंध संचालक विपिन शर्मा ने बताया कि एफएसएसएआई. अधिनियम के तहत सभी बीएमसी दुग्ध समितियों को फूड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। इसके फलस्वरूप सरस उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता का दूध एवं दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस तरह के शिविर आगे भी आयोजित होंगे। यह पंजीयन शिविर खाद्य सुरक्षा अधिकारी जगदीश सैनी एवं प्रभारी पीएंडआई श्रीमती वीणा खंडेलवाल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

## भारत स्काउट व गाइड का बेसिक और एडवांस कोर्स आज से

**उदयपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड उदयपुर मण्डल का जिला स्तरीय कब और स्काउट मास्टर बेसिक एवं एडवांस कोर्स 5 से 11 मार्च तक स्काउट गाइड मण्डल शिविर केन्द्र उदय निवास पर आयोजित होगा। सीओ स्काउट सुरेन्द्र कुमार पाण्डे ने बताया कि चालू सत्र के लिए राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार जिले के समस्त सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों को स्काउटिंग प्रवृति से जोडकर उन्हे लाभान्वित करवानें के उदेष्य से चरणबद्ध तरीके स्काउटिंग प्रवृत्ति की गतिविधियां शुरू करने के लिए अध्यापकों को कब-स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अध्यापकों को स्काउटिंग प्रवृति के संचालन की विधियां व तौर तरीकों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी अवधि में कब और स्काउट मास्टर का एडवांस कोर्स भी आयोजित किया जा रहा।

# जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन, दिए आवश्यक निर्देश

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक जिला कलेक्टर के निर्देशन में मंगलवार को एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में डिओआईटी वीसी कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में एडीएम ने जिले में विभिन्न रजिस्ट्रार के अधीन संचालित आधार केन्द्रों की वर्तमान स्थिति एवं नवीन आधार केन्द्रों की स्थापना की समीक्षा की उन्होंने समस्त आधार रजिस्ट्रार को उनके अधीन अक्रियाशील मशीनों को राज्य स्तर से समन्वय स्थापित कर क्रियाशील करवाने हेतु निर्देशित किया तथा जिले के समस्त ब्लॉक में आधार नामांकन केन्द्रों की संख्या बढाने, रजिस्ट्रार के आधीन समस्त आधार केन्द्रों का समय-समय पर निरीक्षण करने एवं नियमानुसार कार्य करने हेतु आधार ऑपरेटरों को पाबंद करने संबंधित आवश्यक निर्देश प्रदान किये। एडीएम राठौड़ ने कहा की जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहे फार्मर्स रजिस्ट्री शिविरों में आधार



कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट करने की सेवाएं प्रदान करें जिससे किसानों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने जिले में ब्लॉकवार विभिन्न बैंक शाखाओं में आधार मशीनें सुचारु करने को कहा। इस अवसर पर एडीएम ने पोस्ट पेमेंट बैंक के अलावा अन्य सभी रजिस्ट्रार की आधार मशीनें अपेक्षित रूप से सक्रिय नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। एडीएम ने कहा कि समस्त आधार ऑपरेटरों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण भी मुहैया करवाएं। उन्होंने राज्य एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं में आधार की उपयोगिता होने की बात कहते हुए समस्त आधार रजिस्ट्रार को निर्देशित किया कि वे आमजन को आधार नामांकन एवं आधार अद्यतन हेतु प्रेरित करे। उन्होंने जिले के विभिन्न आधार सेवा केन्द्रों के नियमित निरीक्षण एवं आधार केन्द्रों पर यूआईडीएआई से निर्धारित सेवा शुल्क सूची चस्पा करने हेतु निर्देश प्रदान किये। इसके अलावा आमजन को आधार संबंधित समस्या होने पर आधार सेवाओं हेतु उपलब्ध हेल्पलाईन नम्बर 1947 एवं पोर्टल माय आधार. यूआईडीएआई. जीओवी.इन से भी अवगत करवाये जाने हेतु निर्देश दिए। बैठक में एडीएम शहर वार सिंह, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की संयुक्त निदेशक पूजा साहू सहित विभिन्न आधार रजिस्ट्रार (इंडियन पोस्ट पेमेन्ट, डाक विभाग, जिला अग्रणी बैंक, शिक्षा विभाग, महिला, बाल विकास विभाग एवं कॉमन सर्विस सेन्टर) के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बिजली-पानी की व्यवस्थाएं रखें चाकचौबंदः जिला कलेक्टर

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला परिषद सभागार में जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इसमें 30 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। जिला कलक्टर ने कहा कि लंबित प्रकरणों के निस्तारण में अपेक्षाकृत तेजी आई, लेकिन अभी भी इसमें काफी गुंजाइश है। अधिकारी गंभीरता से कार्य करते हुए परिवेदनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने प्रकरणों के निस्तारण की औसत समय-सीमा को 15 दिन से कम तक लाने के लिए सभी को गंभीरता से प्रयास करने की हिदायत दी। जिला कलक्टर ने पेयजल तथा बिजली संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आगामी ग्रीष्म ऋृतु के मद्देनजर सभी तरह की व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचईडी अधिकारियों से स्वीकृत हैण्डपंप एवं नलकूप की प्रगति की जानकारी लेते हुए 31 मार्च तक शत प्रतिशत कार्य कराने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई। साथ ही बजट घोषणाओं 2025-26 की क्रियान्विति संबंधी फीडबैक भी लिया। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार बजट घोषणाओं की समय पर क्रियान्विति के लिए गंभीर है।

### मोदी इंस्टीट्यूट में सतत विकास के लिए हरित प्रौद्योगिकी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

# मानव समाज के लिए हरित प्रौद्योगिकी का विकास आवश्यकः प्रो. एसके सिंह कुलपति

● पदमावत मीडिया

**कोटा।** दादाबाड़ी स्थित राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में शिक्षाविदो, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को प्रोद्योगिकी स्थिरता,सतत विकास,आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण पर अपने शोध कार्य को सांझा करने के लिए एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ÷सतत विकास के लिए हरित प्रौद्योगिकी÷ विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आरटीयू के सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि संगोष्ठी के मुख्य अतिथि राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रो. एस.के. सिंह थे। इस अवसर पर मोदी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन श्री सुशील मोदी तथा ग्रुप डायरेक्टर श्री राघव मोदी ने संगोष्ठी के उदघाटन सत्र में कुलपति प्रो. एस.के. सिंह का स्वागत किया। मुख्य अतिथि कुलपति



प्रो. एस.के. सिंह ने मोदी इंस्टीट्यूट के इस नवाचार की सराहना करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा समाज स्वच्छ और स्वस्थ रहे इसलिए हरित विज्ञान को बढ़ाना है। पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तो मानव जीवन सुरक्षित रहेगा। वर्तमान समय में अनुसंधान को दृष्टि से ये एक महत्वपूर्ण विषय है। अगर बात हरित प्रौद्योगिकी की हो तो ये सतत विकास के लिए आवश्यक है। हरित प्रौद्योगिकी से किसान से लेकर समाज के सभी वर्गों के लोगों को फायदा है। ग्रुप डायरेक्टर श्री राघव मोदी ने टाटा, महिंद्रा और टेस्ला कंपनियों के हरित तकनीक में योगदान के बारे में बताया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता कोटा विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रीना दाधीच,राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के पेट्रोलियम इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. मुनीश बिंदल थे। इस अवसर पर राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर एसडी पुरोहित भी उपस्थिति थे । कार्यक्रम के अंत में मोदी इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ एन के जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## वनिता मेहता (नागोरी) को पीएचडी की उपाधि

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर की शोधार्थी श्रीमती वनिता मेहता (नागोरी) ने विभाग के सहायक आचार्य डॉक्टर ज्योति बाबू जैन के निर्देशन में प्राकृत छेद सूत्रागमों में निरूपित प्रायश्चित का जैन आचारपरक अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। इस कार्य हेतु उन्हें विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्यों, मित्रगण तथा परिवार के सदस्यों से बधाईयां एवम् शुभकामनाएं प्राप्त हुई।

## अजमेर डिस्कॉम के वृत प्रतापगढ़ में मनाया अर्न्तराष्ट्रीय लाईनमेन दिवस



● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** अजमेर डिस्कॉम वृत प्रतापगढ़ में 04 मार्च 2025 को अधीक्षण अभियंता राजकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में अर्न्तराष्टीय लाईनमेन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रतापगढ वृत के प्रत्येक उपखण्ड से एक-एक लाईनमैन को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिल्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही अधीक्षण अभियंता अग्रवाल ने उपस्थित कर्मचारियों को सूरक्षा संबंधित शपथ दिलाई। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता द्वारा सभी को लाईनमैन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी तकनीकी स्टाफ कार्य करते समय सूरक्षा का ध्यान रखे ताकि स्वयं का तथा अन्य का जीवन खतरे में ना पड़े। उन्होंने सभी को पुर्ण एकाग्रता के साथ संयमित रहते हुए कार्य करने एवं उपभोक्ताओं को सन्तुष्टिपूर्वक जवाब देने, निगम हित में राजस्व वसूली नियमित करने की बात कहीं। इस अवसर पर कार्मिक अधिकारी गिरवर आमेटा, सहायक अभियंता जोधराज मीणा एवं वृत कार्यालय का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# जिला कलक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक, दिए निर्देश



● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्री अन्न (मिलेट्स) प्रशिक्षण, राइजिंग राजस्थान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, पीएमएवाई सहित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की और योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्रों को दिलाने और योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने मिशन दृष्टि के तहत आंखों की स्क्रीनिंग प्रगति के बारे में भी चर्चा की गई। उन्होंने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए ढीले तारों का चिन्हीकरण करने, हैंडपंपों की स्थिति जांच कर सुधारात्मक उपाय करने और गर्मी के मौसम हेतु उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रीट लाइट्स की कार्यात्मक स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि सभी स्ट्रीट लाइटें सुचारू रूप से काम कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिला शौचालयों की कार्यात्मक स्थिति सुनिश्चित की जाए, सभी अधिकारी स्वयं अपने स्तर पर शौचालयों की स्थिति जांचें। अतिरिक्त जिला कलक्टर विजयेश कुमार पंड्या ने संपर्क पोर्टल और जनसुनवाई प्रकरणों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कोषाधिकारी जितेंद्र मीणा, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग नेहा माथुर, सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग डॉ. टी आर आमेटा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 6 मार्च को

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रतिमाह प्रथम गुरुवार को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 6 मार्च को ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर किया जायेगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने बताया कि 6 मार्च 2025 गुरूवार को ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा एवं उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिये है। ग्राम स्तरीय जनसुनवाई के प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु चक्रीय आधार पर अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला कलक्टर अवधेश मीना ओवरा (लसाडिया) ग्राम पंचायत से वी.सी. से जुडेगें।

## चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप-1) विभाग की डीएसीपी बैठक आयोजित

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग सदस्य डॉ. संगीता आर्य की अध्यक्षता में चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप-1) विभाग के डीएसीपी प्रकरणों हेतु स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। शासन सचिवालय जयपुर में आयोजित इस बैठक के दौरान राजस्थान चिकित्सा सेवा नियम, 1962 के अंतर्गत विभिन्न विशिष्टताओं में नियमित/डैफर/रिव्यू डीएसीपी के कुल 41 प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया गया।

# श्रीयादे मंदिर दरौली पर ध्वजा और मेला तीन अप्रैल को

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड़ चौखले की और से ग्राम पंचायत दरौली में स्थित श्रीयादे देवी मंदिर पर 3 अप्रेल को ध्वजा चढ़ाई जाएगी व विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। मेवाड चौखले के मीडिया प्रभारी ने बताया कि समाज की मासिक बैठक में आयोजन को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता चौखला अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापत ने की। इस मौके पर गणेशलाल प्रजापत ने कहा कि समाज के विकास में सभी समाजजनों का होता है और सभी के सुझावों को ध्यान में रखते हुए ध्वजा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महामंत्री लक्ष्मी लाल प्रजापत ने बताया कि 3 अप्रेल को श्रीयादे देवी मंदिर का पाटोत्सव एवं मंदिर प्रांगण में मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के साथ चौखले की वार्षिक बैठक को लेकर रचनात्मक सुझाव आमंत्रित किए। संयुक्त महामंत्री डीसी प्रजापत ने मंदिर परिसर में हाल ही में धर्मशाला निर्माण, टेलीफोन डायरेक्टरी प्रकाशन व श्रीयादे देवी जन्मोत्सव कार्यक्रम का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। सचिव प्रकाश प्रजापत भटेवर ने बताया कि शेष रहे भामाशाहों का सम्मान पाटोत्सव कार्यक्रम में किया जाना तय किया।



सह सचिव कालू प्रजापत ने बताया कि बैठक में मंदिर परिसर में बिजली व्यवस्था संबंधी मरम्मत करवाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लिया गया। कोषाध्यक्ष रामलाल दरौली ने बताया कि बैठक का स्नेहभोज सुरेशचंद्र, चांदमल घासा की तरफ से था। बैठक में पूर्व चौखला अध्यक्ष देवीलाल सराय, रूपलाल प्रजापत साकरोदा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमलाल माल की टूस, पूर्व सचिव खेमराज, उदयलाल महाराज की खेड़ी दलाजी, मांगीलाल इन्टाली मांगीलाल सांगवा ,दीपचंद घासा ,अंबालाल, भेरूलाल, शंकरलाल नवानिया, सोहनलाल सराय पन्नालाल भटेवर, नाथू लाल, मांगीलाल खेड़ी, हीरालाल मोडी सहित सैकड़ो समाजजन मौजूद थे।

## नेशनल क्वालिटी टीम ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र मजावद का वर्चुअल निरीक्षण



● पदमावत मीडिया

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि राज्य स्तर से गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम में प्रमाणित होने पर राज्य सरकार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर मजावद को भारत सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण हेतु आवेदन किया था जिससे भारत सरकार द्वारा डॉ मुस्ताक अहमद डार और डॉ गुरबीर सिंह ढिल्लों द्वारा वर्चुअल निरीक्षण किया गया । एडिशनल सीएमएचओ डॉ रागिनी अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 04 मार्च 2025 को टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र मजावद के सभी विभागों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार वर्चुअल निरीक्षण किया। टीम द्वारा स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई, बायोवेस्ट मैनेजमेंट, निशुल्क जांच, निशुल्क दवा वितरण, उपकरणों की उपलब्धता, मानव संसाधन आदि मानकों पर निरीक्षण किया गया उप स्वास्थ्य केन्द्र मजावद के सीएचओ माया पालीवाल, एएनएम लाली कुमारी तंवर एवं आशा सहयोगिनी पिन्टु मेघवाल, पारुल वेद, राधा वेद, मोहन कुंवर और ममता मेनारिया ने सभी माप दण्डो को बारीकी और विस्तार से रिकार्ड सहित बताया। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोगुंदा डॉ दिनेश कुमार मीणा,जिला क्वालिटी सेल से डॉ शुभम गोयल, डॉ पीयूष व्यास, गणेश प्रकाश चौधरी, सुनील शर्मा, ब्लॉक टीम से बीपीएम कल्पना सेन, लोकेश, राजाराम चौधरी और अन्य स्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ एवं एएनएम उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्तर से प्रमाणीकरण होने पर संस्थान को प्रमाण पत्र के साथ पारितोषिक के रुप में 126000/- रुपये प्रति वर्ष तीन वर्ष तक मिलेंगे।जिसका उपयोग स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं पर खर्च किया जायेगा।

### एसडीआरएफ की कार्रवाई

# थाना श्याम नगर अन्तर्गत द्रव्यवती नदी में डूबी 14 वर्षीय किशोरी का शव किया बरामद

● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** जयपुर आयुक्तालय के थाना श्याम नगर क्षेत्र स्थित द्रव्यवती नदी में डूबी मूलतः बिहार के दरभंगा हाल देवी नगर थाना श्याम नगर जयपुर निवासी शंकर यादव की 14 साल की बेटी मुस्कान के शव को एसडीआरएफ जयपुर की टीम ने बरामद कर लिया है। कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि मंगलवार सुबह 11:15 बजे पुलिस कन्ट्रोल रूम, जयपुर आयुक्तालय से एसडीआरएफ कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि थाना श्याम नगर अन्तर्गत द्रव्यवती नदी में एक किशोरी डूब गई है। सूचना पर उन्होंने राजस्थान विधानसभा में तैनात



एसडीआरएफ एच कम्पनी रेस्क्यू टीम के प्रभारी हैड कांस्टेबल मोहन लाल को अविलम्ब घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए। रेस्क्यू टीम प्रभारी 10 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ प्रातः 11:40 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर किशोरी के शव की तलाश के प्रयास स्थानीय प्रशासन एवं सिविल डिफेन्स की रेस्क्यू टीम द्वारा की जा रही थी। द्रव्यवती नदी की चौडाई 100 मीटर तथा गहराई करीब 20 फीट है। टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों राजेश, रायसिंह, परमानन्द, सुनिल, सियाराम, महेश, सन्तोष, ऊषा देवी व अनिता ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। टीम कमाण्डर के निर्देश पर टीम के जवानों ने रेस्क्यू रोप एवं बिलाई की मदद से गहन सर्च किया। अल्प समय में ही दोपहर 12:00 बजे रेस्क्यू टीम को सफलता मिली। टीम ने द्रव्यवती नदी में डूबी किशोर मुस्कान यादव के शव को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया।

## विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिए 9 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 18 से 25 वर्ष की आयु के प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर 9 मार्च तक रजिस्ट्रेशन करा सकते है। जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार मीणा ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन करने के बाद 1 मिनट का वीडियों अपलोड करना होगा। जिसका विषय है आपकी दृष्टि में विकसित भारत का क्या अर्थ है। इस विषय पर आने वाले वीडियों में से 150 उत्कृष्ट वीडियों का चयन किया जाएगा। इसके बाद 150 प्रतिभागियों को नोडल महाविद्यालय में एक राष्ट एक चुनाव विषय पर विचार रखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इन प्रतिभागियों में से 10 प्रतिभागियों का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। इनको राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए विधानसभा जयपुर भेजा जाएगा और राज्य स्तरीय कार्यक्रम में से तीन प्रतिभागियों का राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम के लिए चयन किया जाएगा। जिन्हे पार्लियामेंट दिल्ली में अपने विषय को प्रस्तुत करने के लिए भेजा जाएगा। विकसित भारत राष्ट्रीय युवा संसद 2025 के आयोजन के लिए हरिदेव जोशी गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज बांसवाडा को नोडल महाविद्यालय के रूप नामित किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना बांसवाडा, और नेहरू युवा केन्द्र बांसवाडा द्वारा सयुक्त रूप से किया जायेगा। उन्होने ने बताया कि अधिक जानकारी माई भारत पोर्टल लिक पर जाकर आवेर्बन कर सकते है।

# जालोर नागरिक सहकारी बैंक की जसवन्तपुरा शाखा का किया शुभारम्भ

● पदमावत मीडिया

**भीनमाल।** जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की 18 वीं शाखा जसवन्तपुरा का आधुनिक सुविधा से सुसज्जित भवन में एटीएम एवं लॉकर्स सुविधा सहित शुभारम्भ महन्त सुखदेवगिरी महाराज एवं मोहननाथ महाराज के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सरपंच जसवन्तपुरा चम्पादेवी प्रजापत उपस्थित रही । बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बैंक के ग्राहकों, अंशधारियों तथा संचालक मंडल के सहयोग से जालोर नागरिक बैंक राजस्थान के श्रेष्ठ पांच अरबन बैंकों में अग्रणी हैं । उन्होंने बैक की भावी विकास योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान में करने हेतु अनुमति प्रदान कर दी गयी है । सहकारी विभाग से अनुमति प्राप्त होने के पश्चात बैंक जयपुर, जोधपुर एवं उदयपुर में शाखा खोली जायेगी एवं शीघ्र ही गुजरात राज्य में बैंक का विस्तार करेगी। बैंक वरिष्ठ नागरिकों को अधिकतम ब्याज 8.75 प्रतिशत दे रही हैं। बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर द्वारा अन्तराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर सभी को बधाई दी एवं सहकारिता के माध्यम से देश में समृद्धि लाने के राष्ट्रीय सकल्पों में सभी को अपना योगदान करने हेतु अपील की गयी। उन्होंने ग्रामवासियों को अवगत करवाया कि जालोर नागरिक सहकारी बैंक एक सुदृढ वित्तीय संस्था है, अतः बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाते हुए क्षेत्र के विकास में भागीदार बने। जसवन्तपुरा के लोगो को बताया कि बैंक की शाखा खुलने से सुलभ एवं व्यक्तिगत सेवाएँ मिलेगी । बैंक से जुड़कर बैंकिग सेवाओं का उपयोग करें एवं विस्तार से बैंक के बारे में जानकारी प्रदान की । बैंक उपाध्यक्ष ललितकुमार दवे ने कहा कि बैंक में अपनत्व की भावना हैं ।

जमाओं पर सबसे अधिक ब्याज दर हैं एवं ऋण सर्विस, सुविधाएँ अतुलनीय हैं। बैंक का स्टॉफ आपका स्वागत एवं सेवा इस प्रकार करेगा जैसा कि आप अपनी बैंक में आये हैं। बैंक के व्यवसाय के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि बैंक दिन प्रतिदिन उत्तरोतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं। बैंक का शुद्ध एन0 पी0 ए0 शून्य हैं। बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानन्द भट्ट ने बताया कि बैंक स्थानीय निवासियों को उत्कृष्ट ग्राहक सेवा देने के लिए कृत संकल्प हैं । उन्होंने की मोबाईल तथा यूपीआई सुविधा, लाकर्स, एटीएम का उल्लेख करते हुए ऋण व जमा योजनाओं की जानकारी प्रदान की।



भट्ट ने कहा कि बैंक का व्यवसाय 700 करोड़ तक पहुंच गया हैं तथा वित्तीय वर्ष के दौरान सकल लाभ 10 करोड़ रहने की सम्भावना है। बैंक संचालक कान्तिलाल भण्डारी ने कहा कि नागरिक बैंक समाज के सभी वर्गों तक बैंकिंग सुविधा की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन कर रहा हैं। बैंक का मुल उद्देश्य सहकारिता की भावना के साथ कार्य करते हुए लोगो को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हैं। बैंक संचालक मोहनलाल परमार द्वारा आभार प्रकट किया गया। जसवन्तपुरा व्यापार संघ के अध्यक्ष मोहनलाल जैन द्वारा बैंक शाखा शुभारम्भ में अतिथियों, व्यापारियों एवं ग्रामवासियों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए प्रकट किया गया । भवन मालिक चिमनाराम सुथार, धनराज दवे एवं नारायणलाल भटट को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान पेन्शनर समाज संस्थान के अध्यक्ष धनराज दवे द्वारा उपस्थित पेन्शनरों को बैंक के साथ जुडकर जमाओं पर सर्वाधिक ब्याज दर का लाभ लेते हुए बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर बैंक संचालक गणेशराम मीणा, कनिष चौधरी, मोहनलाल परमार, बीओएम सदस्य हरीश माहेश्वरी, पूर्व संचालक नारायणलाल भटट, जसवन्तपुरा के मोहनलाल जैन, वजाराम माली, मोडाराम प्रजापत, भूरमल, अमृतलाल पुरोहित, रोहितकुमार सुथार, अर्जुन राव, चिमनलाल पुरोहित, मुकेश भाई प्रजापत, जसवन्त भाई प्रजापत, अनिल भाई पुरोहित, चमनाराम सुथार, गणपत नागर, कपुर प्रजापत, धनाराम प्रजापत, छगन श्रीमाली, कैलाश अग्रवाल, नवाब खान, नन्दुभाई नागर, भगताराम प्रजापत, मंगल पुरोहित सहित स्थानीय व्यापारी, किसान, गणमान्य ग्रामवासी एवं बैंक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।